संख्या जेड-25011/03/2019-सामान्य
भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य सेवा महानदिशालय
(सामान्य अनुभाग)

निर्माण भवन, नई दिल्ली- 110011
दिनांक: 11.09.2019

परिपत्र

विषय:- विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूकता पैदा करने के लिए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान करने के संबंध में।

स्वस्थ्य भारत पहल को आगे बढ़ाने की दृष्टि से, जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पना की गई है, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय अपने एवं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के स्टाफ में जागरूकता पैदा करने के लिए **विषय आधारित स्वास्थ्य संबंधी वार्तालाप** का आयोजन कर रहा है। देश में विभिन्न जन स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम और निपटान करने हेतु आम आदमी को संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से विशेषज्ञों द्वारा सम्बोधित किया जाएगा। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया जाएगा कि वे अपने परिजनों और परिचितों को बीमारियों से रोकथाम के उपायों और स्वस्थ्य जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रेरित करें। पर्चे आदि के रूप में आईईसी सामग्री भी उपलब्धि के अनुसार प्रदान की जाएगी।

2. **विषय आधारित स्वास्थ्य संबंधी वार्तालाप** का आयोजन प्रत्येक बृहस्पतिवार सांय 4.00 बजे से 5.00 बजे के बीच रिसोर्स सेंटर, कमरा सं. 445-ए, निर्माण भवन, नई दिल्ली में किया जा रहा है जिसके पश्चात् अल्पाहार भी प्रदान किया जाता है।

दिनांक 12 सितंबर, 2019 (गुरूवार) के लिए निम्नलिखित विषय चिह्नित किया गया है:

विषयवस्तु	समय	विषय/संकाय
"बुजुर्गों की स्वास्थ्य समस्याएँ"	सांय 04.00 से 04.40 बजे तक	डॉ. प्रशुन चैटर्जी, असिस्टेंट प्रोफेसर, वृद्धा चिकित्सा विभाग, अ.भा.आ. संस्थान, नई दिल्ली
	सांय 04.40 से 05.00 बजे तक	प्रश्न-उत्तर सत्र

3. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के समस्त स्टाफ सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने नियंत्रक अधिकारियों की अनुमति लेकर उपर्युक्त कार्यक्रम में शामिल हों।

तनु जैन
9/9/19
(डॉ. तनु जैन)
सहायक महानिदेशक (टीजे)

सेवा में,
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सभी स्टाफ।

प्रतिलिपि:-

1. सभी उपमहानिदेशकों/प्रधान परामर्शदाता (बीडीए)/प्रधान परामर्शदाता (पीजी)/प्रधान सलाहकार (एनएसडी)/ सभी सलाहकारों/अपर निदेशक (पीए)।
2. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सभी संयुक्त सचिव/निदेशक
3. डॉ. प्रशुन चैटर्जी, असिस्टेंट प्रोफेसर, वृद्धा चिकित्सा विभाग, अ.भा.आ. संस्थान, नई दिल्ली।
4. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के प्रधान निजी सचिव।
5. स्वास्थ्य सेवा अपर महानिदेशक के प्रधान निजी सचिव।
6. संयुक्त सचिव (प्रशासन), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रधान निजी सचिव।
7. संयुक्त सचिव (आरएम), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के निजी सचिव।

प्रतिलिपि:-

i. अनु. अधिकारी (सामान्य), स्वा. सेवा महानिदेशालय को कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों हेतु चायपान का प्रबंध करने के लिए।

ii. प्रभारी, आइटी प्रकोष्ठ को स्वा. सेवा महानिदेशालय एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

iii. रिसेप्शन अधिकारी, गेट सं. 5 को डॉ. प्रशुन चैटर्जी, असिस्टेंट प्रोफेसर, वृद्धा चिकित्सा विभाग, को निर्माण भवन में प्रवेश की अनुमति देने के लिए।

iv. श्री अरूण कुमार पूरी, फोटो अधिकारी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को इस कार्यक्रम की फोटोग्राफी हेतु।